**खबर संक्षेप**

## होली के अवसर पर 3 एवं 4 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने होली के त्यौहार को देखते हुए राज्य में अवकाश की सूची में संशोधन किया है। राज्य शासन द्वारा होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 4 मार्च 2026 को भी सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के तहत लिया गया है। 3 मार्च दिन मंगलवार को पहले ही होली के उपलक्ष्य में अवकाश घोषित किया गया था।

## नगर परिषद निवास की अनूठी पहलः पर्यावरण संरक्षण के साथ मनेगी होली

**मण्डला।** नगर परिषद निवास क्षेत्र अंतर्गत आगामी होली पर्व को पर्यावरण के अनुकूल, सुरक्षित और भाईचारे के साथ मनाने के उद्देश्य से नगर परिषद प्रशासन ने एक सराहनीय अभियान की शुरुआत की है। शासन के निर्देशों के पालन में, नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारियों की टीम ने विभिन्न वार्डों में जाकर होलिका दहन समितियों के साथ सीधे संवाद किया और उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। नगर परिषद की टीम ने समितियों से अपील की है कि वे परंपरा के साथ-साथ पर्यावरण का भी ध्यान रखें। होलिका दहन में बड़ी मात्रा में होने वाली लकड़ियों की कटाई को रोकने के लिए गाय के गोबर से निर्मित कंडों (उपलों) के उपयोग पर जोर दिया गया है। होली के दौरान जल की बर्बादी न करने और बेजुबान पशु-पक्षियों पर रंग व गुलाल न डालने का संकल्प दिलाया गया। हुड़दंग और आपसी विवादों से दूर रहकर भाईचारे के साथ उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशासन की टीम ने विशेष रूप से वार्ड स्तर पर जाकर होलिका दहन समितियों को जागरूक किया। इसमें प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 2 रसलगंज वार्ड, वार्ड क्रमांक 10 खेरमाई वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 13 आईटीआई वार्ड व शतचंडी मार्केट शामिल हैं। प्रशासन ने समितियों को जानकारी दी है कि जो होलिका दहन समितियां पर्यावरण संरक्षण के इन निर्देशों का पालन करेंगी और शासन का सहयोग करेंगी, उन्हें ''जिला स्तर पर पुरस्कृत'' किया जायेगा। यह घोषणा समितियों में उत्साह का संचार कर रही है। नगर परिषद की इस पहल का उद्देश्य शहर को एक सुरक्षित और स्वच्छ होली का उपहार देना है।

### कलेक्टर ने बालगृह और आंगनबाड़ी के बच्चों संग मनाई होली

# होलिका दहन हुआ लेकिन होली मनेगी कल





*** चंद्रग्रहण के चलते रंगों का पर्व कल मनाया जायेगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

ग्रहों की स्थिति के चलते शायद ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि सोमवार की रात्रि होलिका दहन तो होगा लेकिन मंगलवार को होली नहीं मनाई जायेगी बल्कि बुधवार धुड़ेली पर्व मनाया जायेगा। चूंकि मंगलवार को चंद्रग्रहण है और मंगलवार की सुबह से ही सूतक प्रारंभ हो जायेगी लिहाजा होली पर्व नहीं मनेगा।

**बच्चों संग कलेक्टर की होली**

होली के पावन पर्व पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सामाजिक समरसता की मिसाल पेश करते हुए आदर्श बालगृह लालीपुर में बच्चों के साथ रंगों का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बालगृह मुख्यमंत्री कोविड-19 बालसेवा, पीएम केयर के बालकों और आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच पहुँचकर उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

कलेक्टर श्री मिश्रा के आगमन पर बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। बालगृह और आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक स्वागत गीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें उपहार एवं मिठाइयाँ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने बच्चों को गुलाल लगाकर होली मनाई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्री गजेंद्र गुप्ता, सदस्य सुश्री शशि पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी, सहायक संचालक श्री रोहित बड़कुल एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं-कलेक्टर श्री मिश्रा**

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिलेवासियों को रंगों के पावन पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली का यह उल्लासपूर्ण पर्व हमारे जीवन में प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश लेकर आता है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियाँ बाँटने तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि रंगों का यह त्यौहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सुख-समृद्धि और आनंद का संचार करे। उन्होंने कामना की कि प्रत्येक परिवार में खुशहाली बनी रहे तथा समाज में सौहार्द और सद्भाव का वातावरण और अधिक मजबूत हो। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि होलिका दहन, धुरेड़ी, भाई दूज एवं रंग पंचमी के पर्व को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाएं। साथ ही शांति, कानून व्यवस्था एवं स्वच्छता बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

**सिंधी समाज की महिलाओं ने किया होलिका माता पूजन**

रंगों के पर्व होली की पारंपरिक पूजा के अंतर्गत धुरेडी पर्व के पूर्व सिंधी समाज की महिलाओं ने प्रतिवर्ष की तरह सामूहिक रूप से होलिका माता की पूजा की,इसमें पारंपरिक व्यंजन मीठी रोटी,सिंधी गीयर,गुलाब जामुन,भजिया,रेवड़ी आदि का भोग लगाया गया। परंपरा के अनुसार इस पूजा में मीठी रोटी जो कि होलिका माता का प्रतीक है इसके ऊपर धागा बांधा गया, इसमें धागा भक्त प्रहलाद का प्रतीक है,इसमें मीठी रोटी को अग्नि दी गई,इसमें मीठी रोटी जल जाती है और धागा जो कि भक्त प्रहलाद का प्रतीक है वह शेष रह जाता है। इसका आशय यह है कि बुराई पर अच्छाई की जीत और हम इसे परंपरा के तौर पर पूजन करते हैं। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पल्लव पूजा के साथ सभी परिवारों की खुशहाली के लिए कामना की।इस अवसर पर सामाजिक महिलाओं ने उपवास रखा और पूजन अर्चन के बाद ही प्रसादी ग्रहण की, महिलाओं ने बताया कि इस पूजन सामग्री को परंपरागत पूजन के पश्चात तीसरे दिन ठंडा करते हैं।सभी महिलाओं ने एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।



# तिलईपानी सचिव को अंततः किया गया निलंबित


कार्यालय जिला पंचायत(पंचायत प्रकोष्ठ) मण्डला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जनपद पंचायत मण्डला अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलईपानी में भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर वर्षो से जांच के नाम पर लीपापोती की जा रही थी यहां तक कि जब जनपद पंचायत की जांच टीम के द्वारा शिकायत किये गये मामलों की जांच की गई तो स्पष्ट रूप से बड़े पैमाने में भ्रष्टाचार की बातें उजागर हुई तिलईपानी सचिव श्रीमति दीप्ती चौरसिया द्वारा जिस तरह से शासकीय राशि में हेर-फेर कर लाखों रूपये कमाये गये उसको लेकर उनसे जबाव तलब किया गया लेकिन सचिव द्वारा किसी तरह की कोई जानकारी स्पष्ट रूप से नहीं दी गई ग्राम पंचायत तिलईपानी के निवासी ओमकार द्वारा जब इस पूरी प्रणाली की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई तो भी सचिव द्वारा जनपद के कहने के बावजूद कोई पत्राचार नहीं किया न ही जानकारी दी। इस बीच जनपद से दो प्रतिवेदन जिला पंचायत सचिव के स्थानांतरण एवं निलंबन की अनुशंसा के साथ दिये गये उसे भी जिला पंचायत के बाबुओं द्वारा रोककर रखा गया जब मामला काफी गर्माया तब कहीं जाकर अब सचिव दीप्ती चौरसिया के निलंबन की कार्यवाही हो सकी है।


जांच के नाम पर जिला पंचायत में गड़बड़झाला

# मंडला में विकसित भारत जी राम जी योजना पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



मंडला जिले के विकास और रोजगार के अवसरों को गति देने के उद्देश्य से सोमवार को जिला योजना भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन की गारंटी मिशन-ग्रामीण अधिनियम 2025 (जिसे वीबी जी राम जी योजना के नाम से भी जाना जाता है) के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के रोजगार के अधिकारों को सशक्त बनाना और पारदर्शी मजदूरी भुगतान प्रणाली सुनिश्चित करना है।

अब ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी, जिससे उनकी आय में स्थिरता आएगी। योजना के तहत दैनिक मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या अधिकतम 15 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है, ताकि पारदर्शिता और समयबद्धता बनी रहे। इस योजना की लागत का वहन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सामान्यतः 60:40 के अनुपात में किया जाएगा। श्रमिकों की डिजिटल उपस्थिति, आधार आधारित पंजीकरण, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी प्रणाली का प्रावधान किया गया है। अधिनियम के तहत कराए जाने वाले कार्यों का प्रत्येक छह महीने में सामाजिक अंकेक्षण अनिवार्य किया गया है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना और महात्मा गांधी नरेगा के परियोजना अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजना की बारीकियों से अवगत कराया। इस अधिनियम के अंतर्गत निर्मित सभी संपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में एकीकृत किया जाएगा। साथ ही, ग्राम स्तर पर विकसित भारत ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से विकेंद्रीकृत योजना निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य हो सकें। रोजगार सृजन को जल सुरक्षा, बुनियादी ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों से भी जोड़ा गया है। इस योजना के लागू होने से न केवल ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण): समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने पर जोर, सख्त समय-सीमा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शाश्वत सिंह मीना की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी नोडल अधिकारियों, एडीओ, एपीओ, उपयंत्री एवं ब्लॉक समन्वयकों ने हिस्सा लिया। समीक्षा बैठक के दौरान, आवास निर्माण की धीमी गति पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। सीईओ ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य न होने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। सभी पंचायतों को लक्ष्य के विरुद्ध पीएम जनमन आवास 85 प्रतिशत कार्य 25 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने होंगे। प्रधानमंत्री आवास के सभी पंचायतों को निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 60 प्रतिशत आवास निर्माण 25 मार्च तक पूरा करना अनिवार्य है। लंबे समय से लंबित या अपूर्ण पड़े आवासों को 31 मार्च तक शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मीना ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे फील्ड स्तर पर निगरानी बढ़ाएं और लाभार्थियों को निर्माण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए समय पर आवास पूर्ण कराएं।

**कार्यशाला** | **भाजपा कार्यालय में जिला कार्ययोजना एवं कार्यशाला का हुआ आयोजन।**

# बूथ स्तर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे संचालित

*** भाजपा संगठन जिला प्रभारी रहे मौजूद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आज जिला भाजपा कार्यालय में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026' के अंतर्गत जिला कार्ययोजना बैठक एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम भाजपा संगठन जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक रमेश भटेरे तथा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण एवं सेवा भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

जिला प्रभारी श्री रमेश भटेरे जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त और सक्रिय बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के 'अंत्योदय' और 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांतों को आत्मसात कर प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। संगठन की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण' का मूल मंत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए मंडल एवं बूथ स्तर तक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के साधक हैं। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला महामंत्री संतोष रजक, नरेश चंद्रोल, पंडित सिंह धुर्वे, अजजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, पूर्व विधायक राम प्यारे कुलस्ते, पूर्व जिलाध्यक्ष रोची राम गुरबानी, डॉ. विजय आनंद मरावी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल टोली एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यशाला के दौरान संगठन की विचारधारा, सेवा, समर्पण एवं अंत्योदय के मूल मंत्र को विस्तार से समझाया गया। आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, सामाजिक संपर्क अभियान, सेवा कार्यों एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा कर जिम्मेदारियां तय की गईं।

कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि यह प्रशिक्षण महाअभियान श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा को आत्मसात करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत" के संकल्प को साकार करने की दिशा में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेगा।

उपस्थित कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए नेताओं ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए। संगठन की रीति-नीति, अनुशासन और समर्पण भाव के साथ कार्य करते हुए भाजपा को और अधिक सुदृढ़ बनाना ही इस महाअभियान का उद्देश्य है।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। भाजपा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी कार्यक्रमों में भी इसी उत्साह एवं ऊर्जा के साथ सहभागिता का आह्वान किया।

## उत्कृष्ट विद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

*** भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमण की फिल्म दिखाई गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया




मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के विज्ञान लोकव्यापी करण अभियान के अंतर्गत महाकौशल विज्ञान परिषद के सहयोग से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। प्रथम दिवस विद्यालय की प्राचार्य अरुणा दीक्षित द्वारा मां सरस्वती एवं सीवी रमन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम के सत्र का ऑनलाइन प्रसारण में सहभागिता की गई।

कार्यक्रम समन्वयक श्रीमति आरती मोदी के द्वारा सर सीवी रमन के रमन प्रभाव की खोज एवं महान भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन एवं महत्वपूर्ण आविष्कारों तथा विज्ञान दिवस को मनाए जाने के उद्देश्य से छात्रों को अवगत कराते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि 28फरवरी 1928 को रमन प्रभाव की खोज के कारण इस दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

इस अवसर पर महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई तथा विकसित भारत में स्वदेशी तकनीक के योगदान विषय पर निबंध लेखन और रंगोली तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

01/03/2026 द्वितीय दिवस में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मंडला के भौतिकी विषय के व्याख्याता श्री योगेश चौरसिया के द्वारा इस वर्ष की थीम ₹विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत की उत्प्रेरक शक्ति अत्यंत आवश्यक है कि विस्तृत जानकारी दी गई। मुकेश साहू विज्ञान शिक्षक ने किसी भी घटना को चमत्कार के रूप में न देखकर उसमें छुपे वैज्ञानिक कारण की जानकारी दी।कार्यक्रम का समापन विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया।कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती अरुणा दीक्षित मार्गदर्शी शिक्षक मुकेश साहू, दिव्या मरावी, रेवती मसराम, मंजुलता श्रीवात्री, शब्बो सोनवानी, प्रवीण बैरागी, मुकेश राजपूत, कल्पना पांडे, आदित्य मिश्रा,नीता तिवारी,प्रियंका,शारदा झरिया, निशा सोनवानी, सुनील सोनम राय सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती आरती मोदी द्वारा किया गया।

# मन मोहक रूप में बनाई गई होलिकाओं का देर रात तक किया दहन, होली त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिये पुलिस ने कसी कमर, प्लैग मार्च की माध्यम से दिखाई कानून की ताकत ..







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

हर वर्ष जिस प्रकार से लोगों द्वारा बुराई का प्रतीक माने जाने वाले होलिकाओं का दहन किया जाता है उसके चलते इस वर्ष भी नगर में अनेक जगहों पर बनाई गई होलिकाओं का देर रात तक दहन होते हुये देखा गया। बताया जाता है कि नगर में अनेक जगहो पर गोबर के कंडों से बनाई गई होलिकाओं के ऊपर जिस प्रकार से होलिका की प्रतिमा स्थापित की गई थी वह निश्चित तौर से आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पा रही थी। इस तरह सोमवार को नगर में देर रात तक होलिका दहन होने के नजारे दिखाई देते रहे। वही दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये जहां तहां पुलिस बल तैनात रहा। वही नगर के रेल्वे स्टेशन व बस स्न्टेन्ड पर पुलिस की पैनी नजर रही। वैसे देखा जावे तो वर्षो से परम्परा रही है कि होलिका दहन के दूसरे दिवस धुरडी पर्व मनाया जाता है। मगर इस वर्ष चंद्र ग्रहण के चलते जहां होलिका दहन चौदस में होने के चलते एक दिन अंतराल धुरडी पर्व कल बुधवार को मनाया जा रहा है। इस तरह इस पर्व को मनाने के लिये लोगों में अलग अलग मतभेंद भी दिखाई देने से नही चूक रहे है..? मगर यह बात सत्य है कि होलिका दहन के बाद धुरेडी के दिन नगर से लेकर गांव गांव सड़को पर रंग गुलाल की बाहर देखने मिलेगी। होली के रंग में डूबने के दौरान किसी भी प्रकार से कोई अनहोनी घटना को रोकने के लिये नगर में पुलिस बल तैनात रहेगा। क्योंकि इस वर्ष होली त्यौहार के दौरान जहां मुस्लिम भाईयों का रमजान महिना चल रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुये संपूर्ण प्रशासन तंत्र अलर्ट स्थिति में दिखाई देने से नही चूक रहा है। इस दौरान होली का त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर के मार्ग दर्शन में टीआई अशोक सिंह चौहान की टीम द्वारा होली त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाने के लिये अपनी ओर से कम कस ली गई है। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा अपनी ताकत दिखाने के लिये बीते हुये सोमवार यानि की होलिका दहन के पहले अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे के नेतृत्व में नगर के मुख्य मार्गो से भारी पुलिस बल के साथ प्लैग मार्च निकालते हुये पुलिस की शक्ति का शानदार प्रदर्शन करते हुये यह बात उजागर कर दी गई है कि यदि त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने का किसी के द्वारा जरा सा भी प्रयास किया गया तो उसकी खैर नही...? वही दूसरी ओर होलिका दहन के पूर्व यानि की सोमवार को पुलिस टीम द्वारा नगर के कुचबंदिया मुहल्ला सहित अन्य स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कच्ची शराब जप्त करते हुये महुंआ लाहन नष्ट करते हुये आरोपियों के खिलाफ आवकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। वही पुलिस ने आमजन से अपेक्षा जताई कि यदि कही अवैध रूप से शराब का विक्रय होते हुये देखा जाता है तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करे उसका नाम गुप्त रखते हुये कार्यवाही की जावेगी। वही दूसरी ओर होली त्यौहार को लेकर शांति पूर्वक बनाने की व्यवस्थाओं में जुटे हुये उप पुलिस अधीक्षक डागुर का कहना है कि फाल्गुनी मस्ती का महापर्व होलिकोत्सव सभी को भाईचारे के साथ मनाना चाहिए, समाज परिवार की तरह होता है। वैसे भी देखा जावे तो इस शहर में यह मेरी यह पहली होली है और मैने देखा है कि यहां के लोग बड़े की शांति पूर्वक तरीके से सभी त्यौहारों को मिल जुलकर मनाते है और मैं आशा करता हूं कि इस वर्ष भी इसी प्रकार से मनाया जावे। मेरी ओर से सभी नगर वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं के साथ में चाहता हूं कि इस त्यौहार पर किसी भी प्रकार की अनावश्यक विवादों की स्थिति होली पर नहीं आना चाहिए होली एक दूसरे के गले मिलते हुए सभी बुराईयों का मिटा देती है इसलिए होली पर मदिरा पान कर हुड़दंग मचाने वाले युवाओं की कारगुजारियॉं बर्दाश्त नही की जायेगी तथा अनुशासन के माहौल में होली का पर्व मने इस बात पुलिस पूरा ध्यान रखा जा रहा है। वही नगर पुलिस निरीक्षक अशोक सिंह चौहान कहना है कि शहर में शांति का जो वातावरण है वह पूर्णरूप से गर्व करने लायक है। शहर के युवायों में अनुशासन में रहने की जो रूझान है तथा बच्चों का जो शिष्टाचार है, उससे सहज में कहा जा सकता है कि नगर में होली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया जाएगा और एहतियात के तौर पर होलिका दहन कार्यक्रम पूर्ण शांति के साथ होने के बाद कल रंगों का त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए नगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगी और शांति व्यवस्था बनाये जाने हेतु हमारे द्वारा लगातार दो दिन तक पेट्रोलिंग चलेगी।




## समाज सेवी बसेड़िया ने दुर्गम पहुंच से दूर वनांचल ग्रामीणजनों के बीच मनाई होली

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

भले ही शासन प्रशासन द्वारा कीतने भी दावे किये जावे कि खुशियाली की किरण कौने कौने तक पहुंच रही है। मगर गाडरवारा क्षेत्र के कुछ इस तरह की गांव है जहां पर लोगों की पहुंच से दूर होने के चलते यहां के लोग योजनाओ से बंचित देखे जाते है तो दूसरी ओर यहां पर निवास करने वाले लोगों को त्यौहारों का सही रूप से महत्व ही पता नही चल पाता है। मगर इस तरह के लोगों के बीच समाजसेवी मुकेश बसेड़िया पहुंचने से नही चूकते है। वह दीवाली का त्यौहार हो या फिर होली या फिर रक्षा वंदन इन लोगों के बीच पहुंचकर अपनी खुशिया बांटने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से होली के पहले समाजसेवी बसेड़िया द्वारा इन गांवों में पहुंचकर बच्चों के लिये होली संबंधी सामग्री प्रदान करते हुये होली के रंग बिखरने में कोई कसर नही छोड़ी गई। बताया जाता है कि नगर के समाजसेवी मुकेश हर साल की तरह रंगोत्सव का पर्व होली का त्यौहार दुर्गम दुरस्थ पहाड़ो पर बने वनांचल के पहुंचविहीन माने जाने वाले कुक्लोर , गङ्गडोर, छीरई, पिपरिया ,टोला, बेरबन , पीपला ,हरसुआ सहित अन्य ग्रामो में पहुंचकर आदिवासी बच्चो एवं बीच पहुंचकर मनाय गया। इस अवसर पर उंन्होने बच्चों को रंग के पैकिट ,पिचकारी, मुखोटे , गुब्बारे , होली की टोपियां सहित अन्य प्रकार की सामग्री बच्चो को प्रदान करते हुये उनके साथ रंग गुलाल डालकर होली मनाई गई। इस तरह रंगोत्सव के शुभारंभ पर उन्होंने आदिवासी भाईयों को वस्त्र एवं रुमाल प्रदान कर उन्हें गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रदान की एवं ग्रामवासियों के साथ सामूहिक देशी गायन फाग का आनन्द लिया। बसेडिया ने इस दौरान माताओं ,बहनों को भी श्रृंगार सामग्री एवं गुलाल भेंट किया। इस दौरान बच्चो की शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु पठन लेखन सामग्री, स्कूल ड्रेस,बॉटल आदि के साथ वस्त्र , टॉफी ,बिस्कुट भी प्रदान करते हुये उन्होंने बताया कि उपरोक्त रंगोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए शिक्षित बनाना तथा आदिवासी भाईयों को अपमी सनातन संस्कृत एवं परंपराओ से जोड़े रखना है। उपरोक्त सेवा में कार्य मे तनुश्री बसेड़ायिा, गौ सेवक ओम प्रकाश कीर का सराहनीय योगदान रहा।

## बडे संयोग से आई फागुन पूर्णिमा के अवसर पर सुबह के बाद चंद्र ग्रहण मोक्ष होने के बाद नर्मदा तटों पर आस्था की डुबकी लगाने उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



इस वर्ष जिस तरह फागुन पूर्णिमा का जो शुभ संगोग देखने मिल रहा है वह निश्चित तौर से बहुत कम देखा जाता है। क्योंकि इस वर्ष जहां होलिका दहन के दिन ब्रत पूर्णिमा होने के चलते नर्मदा तटों पर भीड़ देखने मिली। मगर धुरडी के दिन व्रत पूर्णिमा मंगलवार के दिन होने के साथ साथ इसी दिवस चंद्र ग्रहण की छाया ने अनोखा संजोग बना दिया गया है। वैसे तो देखा जावे तो आज स्नान दान पूर्णिमा है। मगर सुबह 9:14 बजे से चंद्र ग्रहण की सूतक शुरू होने के चलते जहां लोग सुबह की बेला में डुबकी लगा सकेगे या फिर शाम 7 बजे चंद्र ग्रहण मोक्ष होने के उपरांत इस तरह आज शाम के बक्त भी नर्मदा तटो पर भीड का आलम देखने मिलेगा। मगर इस पूर्णिमा पर जो संजोग बन रहा है उसके चलते इसका महत्व अलग भी बताया जाता है और फागुन व्रत पूर्णिमा व मंगलवार का दिन एक साथ होना अनेक प्रकार के शुभ संकेत देते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर आज स्नान दान पूर्णिमा के चलते लोगों में खुशी देखने मिल रही है। क्योंकि इस वर्ष संकटो से मुक्ति दिलाने वाले हनुमानजी के प्रिय माने जाने वाले मंगलवार के दिवस पर ब्रज पूर्णिमा होने से लोगों में अलग ही उत्साह दिखाई देने से नही चूक रहा है। क्योंकि चल रहे कलयुग काल में माँ नर्मदाजी व हनुमान जी इस पृथ्वी लोक पर साक्षात मौजूद रहने की सच्चाई हमारे ग्रंथों में बताई गई है। इसी के चलते आज स्नाान दान पूर्णिमा के चलते जहां क्षेत्र के नर्मदा तटों पर आज भी भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। वैसे तो देखा जावे कि इस वर्ष फागुन पूर्णिमा दो दिन होने के कारण लोग कल सोमवार को भी नर्मदा तटों पर आस्था की डुबकी लगाने से नही चूक पाये थें। मगर आज स्नानदान पूर्णिमा होने का महत्व के चलते आज भी नर्मदा तटों पर भीड़ उमड़ने से नही चूकेगी। क्योकि हर वर्ष फागुन पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा जी के पावन तटों के लिये पैदल जाने वाले लोगों की भीड़ रहती है और वह रात के समय ही पैदल रवाना हो जाता है और दूसरी दिन वाहनो को वापिस होते है। मगर इस वर्ष स्नान पूर्णिमा एक दिन पहले और धुरडी के दिवस होने के कारण वाहन बंद रहने की संभावना के चलते नर्मदा भक्तों द्वारा एक दिन पहले ही नर्मदा स्थान करते हुये पूजन किया गया। इसी के चलते क्षेत्र के ककरा घाट सहित समीपस्थ झोकाली, शोकलपुर, कोठिया, घघरौला खुर्द, नीलकुंड, पिठहरा, लिंगा खुर्द, थरेरी, भटेरा सहित नर्मदा के अन्य घाटों पर भक्तों की दिन भर भीड़ लगी रही। इस प्रकार से फाग पूर्णिमा के चलते जहां हजारों लोगों ने माँ नर्मदा के तट पर पहुंचकर माँ रेवाजी का पूजन अर्चन करते हुये आस्था की डुबकी लगाने के साथ भगवान सत्य नारायण की कथा सहित अनेक प्रकार से धार्मिक कार्यक्रम व भंडारे किये गये। बताया जाता है कि लम्बे अंतराल के बाद शासकीय अवकाश व धुरडी के दिन फाग पूर्णिमा का पड़ना निश्चित की बड़ा शुभकारी बताया जाता है। जिसके चलते नर्मदा स्नान करने के लिये जाने वाले लोगों की भीड़ जहां सोमवार की शाम से ही सड़कों पर दिखाई देने लगी थी और अनेक गांवों से महिला पुरूष व बच्चे पैदल नर्मदा स्थान करने के लिये जाते हुये देखे गये। क्षेत्रवासियों के लिये आस्था का केन्द्र व जीवन दायनी माने जाने वाले मॉं नर्मदा का ही आर्शीवाद है जिसके चलते क्षेत्रवासी सदा खुशियों से झूमते हुये पूर्णिमा के मौके पर माँ नर्मदा का आर्शीवाद ग्रहण करने के लिये पैदल व सरे भरते हुये माँ नर्मदा तट पर पहुंचने से नही चूकते है। वही हजारों लोग अपने निजी वाहनों के माध्यम से भी माँ नर्मदाजी के तट पर पहुंचकर पूजन अर्चन करते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार का नजारा आज मंगलवार को स्नान दान पूर्णिमा होने के कारण देखने मिलेगा।

## सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक गांव लोग आज भी कच्चे रास्तें के गुजरने के लिए हो रहे मजबूर

**हरिभूमि न्यूज/ साईंखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करते हुए उनका भला किया जा रहा है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक गांव आज भी पक्की सड़कों से नही जुड पाये है..? लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ने भले ही गॉव गॉव सड़को का जाल विछा दिया हो परन्तु विकासखंड साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाले अनेक गॉव आज भी पक्क्ी सड़क की सुविधा से कोशो दूर दिखाइ्इर पड़ रहे है, जिसके चलते लोगों को आने जाने के लिए परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पक्क्ी सड़क न होने से वर्षा काल में आवागमन दूभर हो जाता है और इन गांवों के लोग आज भी अपने आप को आज से 15 वर्ष पूर्व की स्थिति के समान महसूस करते हुए देखे जा रहे है..? यहां के लोगों का कहना है कि इन ग्रामों में शीघ्र ही पक्की सड़क की सुविधा जनप्रतिनिधियों द्वारा मुहैया करायी जाये जिससे लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य जैंसी बुनियादी सुविधाओं के लिये शहर की ओर आवागमन सुगम हो सके। बताया जाता है कि इन ग्रामों के लोगों को आज भी अपनी आवश्यकता की बस्तुओं की खरीद फरोख्त के लिये साईंखेड़ा आना पड़ता है। मगर पक्की सड़क न होने से आवागमन में परेशाानी होती है साथ ही साथ इन गांवों में निवास करने वाले बच्चों का भी शिक्षा स्तर गिरता हुआ देखा जा रहा है। वही स्थिति तो गंभीर उस समय देखी जाते है तब गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाने की जरूरत पड़ जाती है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पिछले कई सालों से वे सड़क का सपना संजोये बैठे हैं कि उनके ग्राम में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क बनेगी परन्तु उनका सपना आज भी पूरा नही हो पाया है। जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि लगभग एक हजार की आवादी बाले क्षेत्र के ग्राम में पक्की सड़क की सुविधा न होने से विद्यार्थियों के साथ ग्रामीणों को रोड तक आने में दिक्कतों का सामना करते है, ग्रामीण की मांग है कि जल्द ही गॉव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ा जाये।

## अग्रवाल समाज द्वारा नपा अध्यक्ष मिश्रा की मौजूदगी में आयोजित किया होली मिलन समारोह




हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वही कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि शिवाकांत मिश्रा का स्वागत शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रवि खजांची जिला महासभा अध्यक्ष, नरेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल, समाज गाडरवारा ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेंद्र खजांची के आलवा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुप्रिया अग्रवाल, मिलन बंसल अग्रवाल युवा परिषद, समाज के वरिष्ठ गोपाल गुप्ता, रमेश अग्रवाल ने महाराजा श्री अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। वही सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत भाषण सुप्रिया अग्रवाल अध्यक्ष महिला मंडल द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने नगर गाडरवारा में एक चौक महाराजा अग्रसेन जी के नाम से करने पर नगर पालिका अध्यक्ष का धन्यवाद किया। वही रमेश अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। महासभा के जिला अध्यक्ष रवि खजांची वर्तमान में जारी सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला और सभी पदाधिकारी की प्रशंसा की गई। नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए अग्रवाल समाज के द्वारा किए गए आयोजनों की सराहना की गई। वही समाजिक कार्यो में संभव सहयोग देने बात कही गई। इस दौरान आलोक अग्रवाल खजांची, मुकेश अग्रवाल, सौरभ बंसल ने तिलक लगाकर वा पुष्प वर्षा सभी को सम्मानित किया गया।

## सालीचौका से शनि मंदिर गाडरवारा तक निकाली गई भव्य झंडा शोभायात्रा में उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।




कहा जाता है कि जिस पर भगवान शनि की कृपा हो जाती है तो उसके बिगडे ही कार्य सफल होने में देर नही लगती है। यदि शनि भगवान नाराज हो जावे तो बनता हुआ कार्य बिगडने में देर नही लगती है। वही न्याय के देवता भगवान सदा ही लोगों पर अपनी कृपा बनाये रखते है। इसी के चलते जहां लोग बडे ही आस्था के साथ भगवान शनिदेव का पूजन अर्चन करने से नही भूलते है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर सालीचौका से गाडरवारा तक विशाल झंडा व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कलश व झंडा शोभा यात्रा का शुभारंभ श्रीदेव राधाकृष्ण मंदिर से हुआ, जहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर माताओं-बहनों ने अपने सिर पर जल से भरे कलश धारण किए और श्रद्धापूर्वक पैदल यात्रा की शुरूआत की गई। बताया जाता है कि लगभग 15 किलोमीटर दूरी की इस झंडा व कलश पद यात्रा में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं एवं पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। आकर्षक चलित झांकियां, ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर थिरकते श्रद्धालु पूरे मार्ग में "जय शनिदेव" के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। यात्रा संयोजक झलकन बाबा मेहरा सहित क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह आयोजन सभ्यता भव्यता एवं दिव्यता के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने गाडरवारा शनि मंदिर पर पहुंचकर शनिदेव के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। वही मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तथा जलपान एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से जन-जन में आस्था, प्रेम और सद्भाव एकता समता बन्धुता एकता की भावना प्रबल होती है। सभी ने शनिदेव महाराज से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई।

## खबर संक्षेप

### लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश भारती शुक्ला शौर्य चक्र से सम्मानित होने पर कलेक्टर ने भी दिया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** देश की सुरक्षा में अहिम भूमिका निभाते हुये हमारे गाडरवारा शहर में जन्म लेने वाले नीतेश भारती शुक्ला का बीते हुये दिवस जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड श्रीमती रजनी सिंह ने लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश भारती शुक्ला को भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त शौर्य चक्र सम्मान पर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदेश शासन द्वारा उन्हें 50 लाख रुपये की अनुदान राशि भी प्रदान की गई है। आप गाडरवारा निवासी शिक्षक श्री मनमोहन शुक्ला और श्रीमती ममता शुक्ला के पुत्र हैं। उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश भारती ने 14 जुलाई 2024 को नियंत्रण रेखा क्षेत्र में आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए अदम्य साहस, वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया था। वही खुफिया सूचना के आधार पर उनके नेतृत्व में लगाए गए घात दस्ते ने तीन आतंकवादियों को मार गिराने के साथ ही बिना किसी हानि के ऑपरेशन को सफलता पूर्वक अंजाम दिया। उनके इस अदम्य साहस, नेतृत्व और वीरता के लिए उन्हें देश की महामहिम राष्ट्रपति द्वारा शौर्य चक्र से अलंकृत किया गया है। राज्य शासन एवं जिला प्रशासन को गर्व है कि नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा शहर में जन्म लेने वाले वीर सपूत ने राष्ट्र की सुरक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया है।

### कार से जा रहे पति पत्नी के साथ की गई मारपीट

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पलिया पिपरिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी कार क्रमांक एमपी 20 टी 9992 से अपनी पत्नी व बच्चे के साथ अपनी ससुराल सिंहपुर बड़ा जा रहा था। इस दौरान जब प्रार्थी ग्राम मनकरवारा पहुंचा तो वहां पर रेल्वे गेट का फाटक बंद होने से प्रार्थी ने अपनी कार को रोड किनारे खड़ा कर दिया तभी पीछे से एक कार क्रमांक MP49-C-4003 का चालक ने अपनी कार को प्रार्थी की कार के पीछे लाकर खड़ी कर दिया। जब रेल्वे गेट खुलने पर कार आगे पीछे करने लगे तो इसी बात को लेकर कार क्रमांक MP49-C-4003 में बैठे चार लड़के थे। वह प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये विवाद करने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गलिया देने से मना किया तो झूमा झटकी करते हुये मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान ब्रजेश नामक युवक द्वारा पत्थर मारकर चोट पहुंचाई। वही इस दौरान जब प्रार्थी की पत्नी द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। जब लोग एकत्र हो गये तो आरोपियों द्वारा वहां से जाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पौधा रोपण के दौरान की गई अनदेखी बन रही परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर को हरियाली की चुनरी पहनाने के लिये अनेक समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पौधा रोपण किया जाता है उसकी निश्चित तौर से जहां सराहना होने से नही चूक पाती है। इस तरह पर्यावरण की रक्षा करने के लिये की जाने वाली पौधा रोपण की मुहिम निश्चित तौर से सराहनीय है। मगर पौधा रोपण के दौरान स्थल का चयन करने में बरते जाने वाली लापरवाही निश्चित तौर से परेशानी का कारण बनने के साथ साथ आम लोगों के जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने से भी नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर में कुछ वर्ष पहले जहां तहां रोपे गये पौधा जो इस समय पेड़ बनने की ओर अग्रसर होते हुये देखे जा रहे है मगर उन पर कुल्हाडी चलाने के लिये लोगों को मजबूर होना पड़ रहा है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन हरे भरे वृक्षों पर लोग कुल्हाडी चलाने का मन तो नही बना पाते है। मगर भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना या फिर परेशानी के चलते उन्हें इस तरह का कदम उठाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाने लगा है। क्योंकि पौधा रोपण करने वाले संस्थाओं द्वारा स्थल का चयन करने में की गई अनदेखी का परिणाम इस तरह से किया गया है कि पौधों को मुख्य नालियों के किनारे या फिर बिजली तारों के नीचे रोपित कर दिये गये है जो अब पेड़ का रूप लेते हुये एक बड़े खतरे की ओर संकेत देने के चलते उन्हें बिजली विभाग द्वारा आये दिन लाईनों के रख रखाब के दौरान मजबूर होकर काटना पड़ रहा है।

**कार्यालय तहसीलदार गाडरवारा**
**जिला - नरसिंहपुर म.प्र.**
**ईश्तहार**

रा. प्र.क्र.-1660 / अ - 6 / वर्ष 2025-26
मौजा- गाडरवारा/पतलौन प.ह.नं. 99/93

आम जनता मौजा गाडरवारा/पतलौन प.ह.नं.99/93 रा.नि.मं. गाडरवारा तहसील गाडरवारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश कुमार, राजेन्द्र कुमार पिता राधेलाल विश्नोई निवासी जबलपुर द्वारा के तहत इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मौजा गाडरवारा न.वं. 119 प.ह.नं. 99 रा.नि.मं. गाडरवारा स्थित भूमि ख.नं. 121 रकवा 1.416 हे. भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में राजेश कुमार, राकेश कुमार, राजेन्द्र कुमार पिस राधेलाल, शांताबाई पति राधेलाल के नाम से तथा मौजा पतलौन प.ह.नं. 93 रा.नि.मं. गाडरवारा स्थित भूमि ख.नं. 23/2, 77/2, रकवा क्रमशः 1.270, 1.623 हे.कुल रकवा 2.893 हे. भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में राजेश कुमार, राकेश कुमार, राजेन्द्र कुमार पिस. राधेलाल, शांताबाई के नाम से दर्ज है। यह कि उक्त भूमि की सहखातेदार शांताबाई पति राधेलाल रिश्ते में आवेदकगण की मां है। शांताबाई की मृत्यु हो चुकी है। यह कि उक्त भूमि की सहखातेदार शांताबाई द्वारा उनके नाम से दर्ज मौजा गाडरवारा न.वं. 119 प.ह.नं. 99 रा.नि.मं. गाडरवारा स्थित भूमि ख.नं. 121 रकवा 1.416 हे, भूमि में अंश भाग रकवा 1/4 तथा मौजा पतलौन प.ह.नं. 93 रा.नि.मं. गाडरवारा स्थित भूमि ख.नं. 23/2, 77/2 रकवा क्रमशः 1.270, 1.623 हे. कुल रकवा 2.893 हे. में अंश भाग रकवा 1/4 का बसीयतनामा ई- पंजीकृत क्र. एम.पी. - 182552018, 3033831 ई-पंजीकरण की तिथि 16.01.2018 के माध्यम से आवेदकगण के पक्ष में बसीयतनामा निष्पादित किया गया, जिस पर आवेदकगण काबिज है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत बसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूमि से बसीयतकर्ता शांताबाई पति राधेलाल का नाम राजस्व अभिलेखो से खारिज किया जाकर बसीयतग्रहिता आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड बसीयतनामा की प्रति संलग्न प्रस्तुत की गई है। इस संबंध में ग्राम के एवं अन्य जिस किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपति हो तो वह साक्ष्य दस्तावेज के सहित अपनी दावा आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 13/03/2026 तक न्यायालय में उपस्थित होकर पेशी पेश कर सकता है। पेशी उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियों पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जायेगा एवं न्यायालय प्रस्तुत में अग्रिम कार्यवाही हेतु तत्पर रहेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 20/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 20/02/2026
पेशी दिनांक- 13/03/2026

शील

तहसीलदार
गाडरवारा

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक संपन्न लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश



**डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दिव्यांशु चौधरी, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री पंकज जैन, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, सुश्री प्रियांशी जैन एवं श्री अक्षय डिगरसे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए 50 से 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन विभागों की सीएम हेल्पलाइन नॉन-अटेंड पाई गई है एवं कार्य में लापरवाही बरती गई है, ऐसे ऊर्जा विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व एवं संस्थागत वित्त विभाग को प्रति शिकायत 1 हजार रुपये के मान से सैनिक कल्याण राहत कोष में चालान या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राशि जमा करने के निर्देश दिए गए।

जल संसाधन विभाग के सी-ग्रेड पर होने एवं समस्याओं के निराकरण में ढिलाई बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत पुरानी डिंडौरी के तालाब में सीवर लाइन लीकेज संबंधी समाचार के प्रकाशन पर जांच हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी अफजल इमामउल्ला खान को जिम्मेदारी सौंपी गई, जिन्हें दो दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन शौचालय, सड़क एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किए जा रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए। साथ ही शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम 20 अप्रैल 2026 को करंजिया/बजाग, 28 अप्रैल 2026 को डिंडौरी, 7 मई 2026 को शहपुरा तथा 14 मई 2026 को अमरपुर/समनापुर में आयोजित किए जाने की जानकारी दी। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित सामाजिक न्याय विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ लेने के निर्देश दिए गए।जबलपुर से अमरकंटक मार्ग निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाइन, आम रास्ते, नहर, पुल-पुलिया आदि का शीघ्र सुधार किया जाए, जिससे आमजन को असुविधा न हो।

कलेक्टर ने आरटीओ विभाग को बिना परमिट, रोड टैक्स एवं फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित हो रहे वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं पीएचई विभाग को 31 मार्च तक नल-जल योजना से संबंधित सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या उत्पन्न न हो।

निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शाला जुनवानी में कम उपस्थिति एवं छात्रों के पास कॉपी-किताब न होने तथा शिक्षा स्तर संतोषजनक न पाए जाने पर कलेक्टर ने शाला प्रभारी एवं संबंधित शिक्षक को सख्त निर्देश दिए। बीईओ, बीआरसी एवं डीपीसी द्वारा निरीक्षण न किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए तथा नियमित भ्रमण कर शिक्षा स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन को रंगपंचमी के कारण 10 एवं 11 मार्च 2026 को आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को होलिका दहन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। केवल कंडों के उपयोग से पर्यावरण अनुकूल होलिका दहन करने वाली समितियों को राष्ट्रीय पर्व पर पुरस्कृत करने की बात कही।

बैठक में न्यायालयीन प्रकरण, समग्र आईडी, ई-केवाईसी, सीपी ग्राम, पीएम जनमन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूलों में शौचालयों की साफ-सफाई, नगरीय निर्माण कार्यों की प्रगति एवं राजस्व प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने बंटवारा,



## विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 पर जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित

**डिंडौरी।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद्, भोपाल के मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद् द्वारा विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जन-संवाद आधारित सूचना, शिक्षा एवं संचार (IEC) कार्यक्रम संचालित किया गया।

जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत सभी 48 ग्राम पंचायतों में 02 मार्च 2026 से प्रथम सप्ताह के दौरान अधिकार संरक्षण संकल्प दिवस व्यापक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम स्तर पर सामूहिक शपथ का आयोजन किया गया, जिसमें समय पर काम पूरा भुगतान और पारदर्शित का संकल्प दिलाया गया। साथ ही कानून मजबूत हैं, अधिकार सुरक्षित हैं संदेश के बैनर प्रदर्शित कर श्रमिकों में जागरूकता और विश्वास को सुदृढ़ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत कर्मियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। जन-संवाद कार्यक्रम की विस्तृत छह सप्ताह की समय-सारणी जनपद पंचायत समनापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) द्वारा निर्धारित की गई है, जिससे अधिनियम के प्रावधानों, विशेषताओं एवं लाभों की जानकारी ग्राम स्तर तक एकरूपता के साथ पहुंचाई जा सके।इस पहल का उद्देश्य अधिनियम के तहत श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए पारदर्शी और जवाबदेह प्रणाली के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार एवं आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करना है।



## विद्या ज्योति संस्कार एकेडमी समनापुर में उल्लास के साथ मनाई गई होली

**डिंडोरी।** रंगों का पावन पर्व होली इस वर्ष विद्या ज्योति संस्कार एकेडमी समनापुर में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर दिखाई दिया और चारों ओर उत्सव का माहौल छाया रहा। विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ, जिसमें होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। नन्हे बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। ढोलक की थाप और "होली है" के उल्लासपूर्ण स्वर से पूरा परिसर गूंज उठा।विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और एकता को सुदृढ़ करने का अवसर भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं संयमित ढंग से होली मनाने की सीख दी। शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को और यादगार बना दिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई। बच्चों की खुशी और उमंग देखते ही बन रही थी। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को भी समान महत्व देता है।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत समीक्षा बैठक सम्पन्न




**डिंडौरी।** जल जीवन मिशन अंतर्गत 126 नल जल योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन श्रीमति अंजु पवन भदौरियाकलेक्टर(अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति) अध्यक्षता में की गई बैठक में दिव्यांशु चौधरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडोरी , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से श्री अफजल अमानुल्लाह कार्यपालन यंत्री ,समस्त सहायक यंत्री, उपयंत्री,विकासखंड समन्वयक उपस्थित हुए ।

बैठक में मार्च 2026 में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध घरेलू नल कनेक्शन , हर घर जल ,गति शक्ति पोर्टल आदि के प्रगति की समीक्षा की गई । कलेक्टर महोदया के द्वारा सड़क निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को समन्वय स्थापित कर मरम्मत कराने, समस्याग्रस्त ग्रामों को चिन्हित कर ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए । स्त्रोत के अभाव के कारण अपूर्ण नल जल योजनाओं को स्त्रोत निर्माण कर शीघ्र पूर्ण कराने एवं योजना पूर्ण होने के उपरांत हर घर जल प्रमाणित करने के निर्देश दिए गए । विकासखंड अमरपुर के ग्राम चंद्रागढ़ की योजना पूर्ण उपरांत सफल नल जल योजना संचालित करने के निर्देश दिए गए ,संचालन हेतु ग्राम के स्व सहायता समूह की मदद ली जा सकती है जिससे उनको रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। माननीय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा चिन्हित ग्रामों की नल जल योजनाओं का तकनीकी स्वीकृति हेतु प्राक्कलन शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए 1 पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु ग्राम पंचायत को तकनीकी स्वीकृति देने एवं अन्य आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए ।

# हर्रवाह ने शहपुरा को 80 रन से दी करारी शिकस्त, विधायक कप पर किया कब्जा

### शहपुरा विधायक, जनप्रतिनिधि सहित हजारों की संख्या में दर्शन रहे मौजूद

**शहपुरा –** शहपुरा में आयोजित विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल मुकाबला हर्रवाह और शहपुरा टीम के बीच खेला गया, जिसमें हर्रवाह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहपुरा को 80 रन से करारी शिकस्त दी और विधायक कप पर कब्जा किया। फाइनल मुकाबला उत्साह और जोश से भरपूर रहा। हजारों की संख्या में दर्शक मैदान में मौजूद रहे और पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते नजर आए।फाइनल मुकाबले में हर्रवाह की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर 15 ओवर में 206 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए आकर्षक शॉट लगाए और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शहपुरा की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखाई दी। हर्रवाह के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए और शहपुरा की टीम को लक्ष्य तक पहुंचने का मौका नहीं दिया। अंततः शहपुरा की श टीम निर्धारित लक्ष्य से 80 रन से मैच हार गई ।



बाजे-गाजे, आतिशबाजी के बीच हुआ फाइनल मुकाबला , दशकों में देखा गया गजब का उत्साह फाइनल मैच के दौरान मैदान में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला बाजे-गाजे, आतिशबाजी और चियर्स गर्ल्स की मौजूदगी ने फाइनल मुकाबला को और खास बना दिया हर चौके-छक्के पर दर्शकों की तालियों और जयकारों से पूरा मैदान गूंजता रहा। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया।समापन समारोह में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विजेता हर्रवाह टीम को 51 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता शहपुरा टीम को 25 हजार रुपये और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने का मंच प्रदान करते हैं। इसके साथ ही आयोजन टीम के सदस्यों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने खेल भावना बनाए रखने और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### जिले में पहुंची 355 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया

**कटनी।** रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैकझुकेही रैक प्वा इंट पर आ गई है। इससे जिले को 355 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। जिले में उर्वरक की पर्याप्ता उपलब्धसता हो गई है और किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त खाद मिल सकेगी। जिला विपणन अधिकारी आनन्दं नारायण पांडे ने बताया कि आई रैक से कटनी डबल लॉक केन्द्र, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्री के लिए 50-50मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की गई है।

### कलेक्टर ने होली पर किया शुष्क दिवस घोषित

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने होली पर्व के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से मंगलवार 3 मार्च की रात्रि 11.30 बजे से बुधवार 4 मार्च (धुरेडी जिस दिन रंग खेला जावेगा) को संपूर्ण दिवस हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। इस अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफ.एल.-2 रेस्तरा बार, एफ.एल.-3 होटल बार, एफ.एल.-4 क्लब बार एवं वाईन शॉप परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे।

# लाड़ली लक्ष्मी एवं मातृ वंदना योजना की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने निर्देश

### पोषण समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिये आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करें। साथ ही मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बालिकाओं का शत-प्रतिशत समग्र सत्यापन करें एवं समग्र सत्यापन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु परियोजना अधिकारी सम्बन्धित जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से समन्वय कर विशेष कैंप का आयोजन करें।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश जिला पोषण समिति की बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत



कौर भी मौजूद रहीं।

बैठक में कलेक्टरर श्री तिवारी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की द्वितीय फेज की नियुक्ति प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टजर श्री तिवारी ने भवनहीन, मरम्मत योग्य एवं जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र भवनों को चिन्हांकित कर निर्माण एवं मरम्मत के प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये। साथ ही अप्रारम्भ आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण प्रारम्भ कर उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में कुपोषित बच्चों का सही चिन्हाँकन सुनिश्चित करने एवं परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को आंगनवाड़ी केंद्रों का सतत भ्रमण कर वजन सत्यापन करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) में एवं विशेष रूप से जिला चिकित्सालय एनआरसी में शत प्रतिशत बेड ओक्यूपैंसी सुनिश्चित करने महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग को समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने 3 से 6 वर्ष के बच्चों का आंगनवाड़ी केंद्रों में शत-प्रतिशत पंजीयन, सभी पात्र हितग्राहियों को पूरक पोषण आहार उपलब्ध करवाने, आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को नियमित और अच्छी गुणवत्ता की शाला पूर्व शिक्षा प्रदान करने एवं समुदाय आधारित

## सीईओ ने ग्राम पंचायतों का किया औचक निरीक्षण



ग्रीष्म काल में नागरिकों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने ग्राम पंचायत हरदी, घुघरी और महनेर ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष तिवारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने नागरिकों की समस्याओं का तत्परता पूर्वक निराकरण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। गत दिवस जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री कोरी ने सुदृढ़ पेयजल व्यवस्था और सुचारू संचालन हेतु डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को जाना। श्री कोरी ने समस्याओं के निराकरण हेतु तत्परता पूर्वक संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। गौर तलब है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं को पूर्ण कर उक्त ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है। जनपद पंचायत के सीईओ ने सभी घरों नल कनेक्शन, पाइपलाइन से जल सप्लाई के साथ अन्य अधूरे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# नशे से रहें दूर, शिक्षा ग्रहण करने पर दें जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भक्त शिरोमणि माता शबरी जयंती के अवसर पर कोल ट्राइब फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम झुरही टोला स्थित शबरी माता मंदिर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। उन्होंने माता शबरी के मंदिर में पूजा अर्चना की और भगवान भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर में मत्था टेककर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओं को माता शबरी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी को एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। हमे अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। राष्ट्र के निर्माण में सभी का सहयोग आवश्यक है और ग्राम, शहर और जिले के विकास के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को संकल्पित रहना चाहिए। श्री विश्वकर्मा ने माता शबरी की जीवनी पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आदिवासी समुदाय को शुभकामनाएं दी।

मंच पर अन्य अतिथियों के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीराम पटेल, भाजपा नेता विजय दुबे, सरपंच छुट्टू कोल, नीरज पांडे, नरेश बजाज, विनोद बड़गैंया सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

# छात्र -छात्राओं ने विज्ञान के नये नये अविष्कारों को प्रदर्शनी में किया प्रदर्शित

### महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया जहाँ विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई जहाँ विज्ञान संकाय के छात्र_छात्राओ ने एक से बढ़कर एक विज्ञान माडलो की प्रदर्शनी लगाई। वर्तमान वैज्ञानिक युग के समय में नए_नए अविष्कारों को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने विज्ञान के महत्त्व, थीम और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता पर उद्बोधन दिया। छात्र -छात्राओं को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्त्व ओर इस क्षेत्र में कैरियर निर्माण की संभावनाओं पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता डॉ भरत लाल तिवारी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के परिपेक्ष्य में विज्ञान के क्षेत्र में सी. वी. रमन के योगदान को समरण करते हुए, छात्राओं को रमन प्रभाव के बारे में बताया गया। साथ ही महाविद्यालय मै उपलब्ध कोर्स, प्रवेश प्रक्रिया, प्लेसमेंट और जॉब संभावनाओं पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। छात्राओं को कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में नवीनतम खोज और सम्बंधित ज्ञानवर्धक एवं रुचिकर जानकारियां प्रदान की गई। वही सत्येंद्र सोनी ओर सुश्री प्रज्ञा तिवारी द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## बाजार में दिखी रौनक, बिकी रंग गुलाल व पिचकारी

# होलिका दहन के साथ रंगोत्सव हुआ प्रारंभ





### कल मनाई जावेगी धुड़ेरी, उड़ेगें रंग गुलाल

जिले में होली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक दिखाई दी और दिनभर चहल पहल बनी रही। मुख्य बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में रंग, गुलाल, पिचकारी और पूजन सामग्री की अस्थायी दुकानें सज गई हैं। होलिका दहन मंडली द्वारा तैयारियां

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।




पूरी कर ली गई। शाम होते ही धार्मिक विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना कर होलिका दहन होगा। मूर्तिकारों द्वारा होलिका की करीब 5 फीट व प्रहलाद की करीब एक फीट की प्रतिमाएं बनाईं गईं हैं। होलिका के साथ प्रहलाद की मूर्ति भी दी जा रही है। आज सूर्य ग्रहण के कारण सम्पूर्ण जिले मे कल धुड़ेरी पर्व मनाया जावेगा। जिसमें रंगो की बसरसात होगी।

### हर्बल गुलाल और प्राकृतिक रंगों की बढ़ी मांग

जिले भर में होलिकाष्टक के साथ ही जहां नए मांगलिक कार्यो पर विराम लगा था। जो होलिका दहन के साथ ही प्रारंभ हो जावेगें। नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होता है। व्यापारियों के अनुसार इस बार बाजार में हर्बल गुलाल और प्राकृतिक रंगों की मांग बढ़ रही है। बच्चों के लिए कार्टून आकृतियों वाली पिचकारी, टैंक पिचकारी और धातु रंग की आकर्षक डिजाइन उपलब्ध हैं। साथ ही रंगीन धुआं करने वाले पाउडर, पारंपरिक अबीर-गुलाल और सजावटी पूजन सामग्री भी का भी खूब विक्रय हुआ।

### पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाया जाएगा होलिका दहन

मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य शासन ने आगामी होली पर्व को पर्यावरण हितैषी तरीके से मनाने का निर्णय लेते हुए सभी जिलों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशानुसार होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपलों एवं गो-काष्ठ का उपयोग किया जाएगा। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलें, पानी की बचत करें तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालें।

### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

स्थानीय जनपद पंचायत में होली मिलन समारोह का आयोजन शैलेन्द्र सिंह राजपूत अध्यक्ष जनपद पंचायत द्वारा किया गया। श्री राजपूत द्वारा नगर के सभी पत्रकारों को होली मिलन समारोह के लिए आमत्रित कर कार्यालय के सभा कक्ष मे मिलन समारोह रखा गया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार संजय पचौरी, अमर नौरिया, गोविंद दुबे, हेमराज कलमकार, मंजीत छावड़ा, प्रभात उदेनिया, अविनाश राव आदि के द्वारा संबोधित कर शुभकामनाएं प्रेषित की तथा पत्रकार राजीव कटारे द्वारा सुमुधुर गीत की प्रस्तुति दी। उक्त अवसर पर अखिलेश सिंह राजपूत, पत्रकार विनोद कोरी सहित बड़ी संख्या मे पत्रकारों की उपस्थिति रही।

### आनंदम म्यूजिकल ग्रुप का रंगोत्सव संपन्न.

फागुन के महीने में आनंदम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा होली मिलन समारोह का कार्यक्रम अभिनंदन गार्डन में सनातन संस्कृति परम्परा के अनुसार मां वीणा वादिनी के पूजन से शुरू हुआ। कार्यक्रम शुभारंभ अनिल नेमा के द्वारा गणेश वंदना हुआ। निरंतरता के क्रम में होली के पारंपरिक एवं सुमधुर गीतों की प्रस्तुति हमारी मातृ शक्ति श्रीमती भारती कौरव, नीलू बर्डिया, प्रीतिनेमा, मनीषा ठाकुर, नमिता कौरव, कुमारी रौनक प्रजापति एवं इसी क्रम में हमारे भाई विजय पटेल, माधव शेन्द्रे, मुकेश शर्मा, सूरज ठाकुर, बृजेश विश्वकर्मा, सुभाष सराठे, मनोज नेमा, राजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता ने मधुर गीतों की प्रस्तुति दी। सभी ने फूलों की होली भी खेली। कार्यक्रम में अमितेंद्र नारोलिया, लक्ष्मीकांत धाकड़, प्रवीण ब्यौहार, विवेक पटेल बिशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विकास नेमा आभार भागीरथ विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस स्थानीय पी जी कालेज में हिंदी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ . आर.बी. सिंह के निर्देशन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सतीश चंद्र चतुर्वेदी शाकुंतलं ने अपने वक्तव्य में कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व मातृभाषा के माध्यम से ही विकास पाता है। मातृभाषा विचारों के आदान-प्रदान का सहज और सरल माध्यम है। विद्यार्थियों में विषय की समझ, अध्ययन की सुगमता के साथ-साथ मौलिक चिंतन अपनी भाषा में ही संभव है। व्यक्ति अपनी भाषा में ही अपनी मिट्टी की सुगंध, अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित होता है। स्वत्व बोध, भारतीयता की भावना, तर्कशक्ति के विकास का आधार मातृभाषा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रत्येक राज्य के विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में अध्ययन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में डॉ. रामसनेही लाल शर्मा यायावर अपने वक्तव्य में कहा कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां अभियांत्रिकी और चिकित्सा अपनी भाषा में प्रारंभ की गई, क्योंकि अंग्रेजी शिक्षा ने हमें हमारी जड़ों से काट दिया था। हमारी ज्ञान परंपरा मातृभाषा में ही सुरक्षित है। गांधीजी ने भी हिंद स्वराज में लिखा है कि प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के हजारों घंटे पहले अंग्रेजी से टकराने में खर्च होते हैं, फिर कहीं वह विषय पर आ पाता है । तब तक उसकी आधी शक्ति चुक जाती है। डॉ. नमिता साहू हिंदी विभागाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में उल्लेख किया कि भारत का संविधान ने सभी को अपनी अभिव्यक्ति व अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर करने का अधिकार दिया है। संगोष्ठी में उन्होंने विद्यार्थियों को यह संकल्प दिलाया कि वे अपनी मातृभाषा में हिंदी में हस्ताक्षर करना सीखें। अपनी भाषा और उसके समृद्ध साहित्य , ज्ञान परंपरा, संस्कृति का अध्ययन कर गौरवान्वित हों। इस कार्यक्रम में निबंध लेखन, पोस्टर और स्वरचित कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.रागनी चैहान ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सरिता कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती पुष्पा विश्वकर्मा एवं श्रीमती ऋचा शर्मा एवं विद्यार्थियों में राशिका चैरसिया, पूनम ठाकुर, राजेश्वरी जया चैधरी, वैशाली काछी, अजय चैधरी, प्रभा लोधी आदि की उपस्थिति रही।



# महिला संगठन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस स्वर्ण कर्णिका नारी शक्ति क्लब के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शार्वी सोनी, शौर्या सोनी द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। समाज के सभी क्षेत्रों में अपनी विशेष पहचान बनाने वाली सभी मातृ-शक्तियों का सम्मान किया गया। इसके बाद हमारे इतिहास की वीरांगनाओं के जीवन पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस टी आई, ममता तिवारी, वन विभाग से सुनीता पटैल, संध्या कोठारी, ज्योति चौहान, विवेक पांडेय, कुसुम साहू, एडवोकेट जया शर्मा, एडवोकेट रेखा पटेल, स्कूल संचालिका भारती ठाकुर, स्वाति जायसवाल आदि का सम्मान किया गया तथा सभी के द्वारा महिलाओं के अधिकार एवं शिक्षा, समाज में आई कुरुतियों को मिटाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डा. गौरीश सोनी एवं टीना सोनी ने किया।



# सेवानिवृति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस कृषि उपज मंडी समिति में वरिष्ठ लिपिक पद पर पदस्थ रहे 37 वर्ष के सफल कार्यकाल करने के बाद रामकुमार जाट सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी ने कहा कि श्री जाट ने पूर्ण निष्ठा के साथ शासकीय सेवाएं दी। पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी धोरेलिया अन्ना भैया ने कहा कि रामकुमार जाट समय पर कार्य करने वाले कर्मचारी के रूप में पहचाने जाते रहे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहान के छोटे भाई नरेंद्र पटेल ने भोपाल से आकर विदाई समारोह में कहा कि व्यक्तिगत रूप से रामकुमार भाई से मैं प्रभावित रहा हूं। मंडी सचिव देवेंद्र ठाकुर ने कहा कि उनकी कमी हमेशा हम सबको रहेगी। उक्त मौके पर गाडरवारा कृषि मंडी के सचिव रामसेवक गुमास्ता ने रामकुमार जाट के निष्ठा और समर्पण की प्रशंसा की। उक्त मौके पर लाखन सिंह पटेल, विश्वास परिहार,मंडी निरीक्षक ओ पी कोरी, अनाज व्यापारी संघ के अध्यक्ष सतीश नेमा, लाल साहब जाट के अलावा बड़ी संख्या में मंडी के कर्मचारी अधिकारी और उनके शुभचिंतक मौजूद रहे।

# किसानों के हित में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस किसानों हित में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिले की सभी 8 शुगर मिलो का पिराई सत्र समाप्त हो चुका है लेकिन सुगर मिलों द्वारा किसानों के क्रय किये गये गन्ना फसल की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। किसानों को बैंकों का ऋण अदा करना है तथा गन्ना की फसल व अन्य फसली हेतु खाद, बीज एवं मजदूरी भुगतान हेतु नगद राशि की आवश्यकता है। बचई शुगर मिल में लगभग 15 हजार कृषक पंजीकृत है तथा करेली शुगर मिल व अन्य मिलों में भी लगभग 30-40 हजार कृषक पंजीकृत है जिन्होंने अपना गन्ना विक्रय किया है, लेकिन उन कृषकों के भुगतान शुगर मिल प्रबंधन द्वारा हीला हवाली की जा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। किसानों के हित मे ठोस कार्रवाई की मांग की गई है।

### आरक्षक पर प्राणघातक हमला करने वाले अपराधी का जुलुस निकालकर भेजा गया जेल



**तेंदूखेड़ा** विगत रविवार को तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 01 निवासी शराब के नशे में घुत्त राजेन्द्र नोरिया नामक व्यक्ति शाम लगभग चार पांच बजे के बीच पड़ोस में झगड़ रहा था जिसकी सूचना पीड़ित पक्ष द्वारा 112 पर की गई। आरक्षक अमन नामदेव वहां पहुंचा था बीच बचाव करने के उपरांत जैसी ही वह वापिस आ रहा था कि पीछे से अचानक धारदार हथियार से आरक्षक के ऊपर प्राण घातक हमला कर दिया हाथ और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर उपस्थित लोगों की सहायता से आरक्षक को बचाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। और आरोपी को पुलिस थाने में लाया गया। आरोपी नशे में इतना धुत था कि सभी को अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने उसका मुलायजा कराया डाक्टरों से भी अभद्र भाषा का उपयोग किया। और अभिरक्षा में रखकर अच्छी हालत में दूसरे दिन सोमवार को न्यायालय में पेश करने के पूर्व उसका नगर के मुख्य मार्गों से जुलुस निकाला गया। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा से लेकर विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षाएं सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत सोमवार 2 मार्च जिले में बनाए गए कुल 213 परीक्षा केन्द्रों पर हाई स्कूल की और 5 परीक्षा केन्द्रों पर हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि हाई स्कूल की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में पंजीकृत कुल 14 हजार 597 परीक्षार्थियों में से 14 हजार 384 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 213 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह हायर सेकेंडरी स्कूल की समाजशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में पंजीकृत कुल 268 परीक्षार्थियों में से 263 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई तथा नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

### लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश भारती शुक्ला शौर्य चक्र से सम्मानित




**नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड श्रीमती रजनी सिंह ने लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश भारती शुक्ला को भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त शौर्य चक्र सम्मान पर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदेश शासन द्वारा उन्हें 50 लाख रुपये की अनुदान राशि भी प्रदान की गई है। आप गाडरवारा निवासी शिक्षक मनमोहन शुक्ला और श्रीमती ममता शुक्ला के पुत्र हैं। उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश भारती ने 14 जुलाई 2024 को नियंत्रण रेखा क्षेत्र में आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए अदम्य साहस, वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया। खुफिया सूचना के आधार पर उनके नेतृत्व में लगाए गए घात दस्ते ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया। बिना किसी हानि के ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उनके इस अदम्य साहस, नेतृत्व और वीरता के लिए उन्हें शौर्य चक्र से अलंकृत किया गया है। राज्य शासन एवं जिला प्रशासन को गर्व है कि नरसिंहपुर जिले के वीर सपूत ने राष्ट्र की सुरक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया।

### समाज सेवियों का किया गया सम्मान



**नरसिंहपुर।** गत दिवस संत शिरोमणि रविदास जी मुक्तिधाम सेवा समिति बैठक का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड वासियों के साथ भिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष रंजीत कुमार चैधरी ने बताया कि महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड की सीमा क्षेत्र में स्थित मुक्तिधाम की प्रमुख समस्याए मुक्तिधाम जाने हेतु बारहमासी पहुंच पक्का मार्ग, दो अतिरिक्त सेड निर्माण शवदाह संस्कार हेतु, लकड़ी का संग्रह हेतु एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण, नरसिंहपुर नगर पालिका क्षेत्र हेतु एक अतिरिक्त शव वाहन के संबंध में चर्चा हुई एवं सभी के द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान कर साफ सफाई की गई। हिंदू और मुस्लिम दोनों शमशान घाटों के द्वारा प्रशासन से शमशान एवं कब्रस्तान हेतु पहुंच मार्ग की प्रदान करने की अपील की गई है मिनजानिब जामा मस्जिद कमेटी द्वारा नवगठित संत शिरोमणि रविदास जी मुक्तिधाम सेवा समिति कंदेली नरसिंहपुर का सम्मान किया गया।

### सेनानियों के परिजनों ने अहिल्याबाई की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**तेंदूखेड़ा** विगत दिनों स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार संघ के बैनर तले राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य और सेनानी परिजनों को गौरव प्रदान करने की मंशा से देश की आजादी में महती भूमिका निभाने वाले शहीदों के स्मारकों पर जाकर माल्यार्पण कर उनकी जीवन गाथा पर चर्चा की जाती है।इसी श्रंखला के चलते सेनानी परिजनों द्वारा इंदौर के राजबाड़ा क्षेत्र में स्थित अहिल्या बाई होल्कर के स्मारक पर माल्यार्पण किया गया। जिसमें नरसिंहपुर जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर राय एवं विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।